PUBLICATION NAME :	Bureau Sandesh
EDITION :	Delhi
DATE :	03/05/24
PAGE :	2

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने महिलाओं को उद्यमिता को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने के प्रयास में आयोजित किया 97वां प्रोग्राम

नई दिल्ली। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के साथ साझेदारी में देश भर की भावी महिला उद्यमियों के लिए 100 एंटरेप्रेन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्राम आयोजित किए हैं, जिसके तहत महिलाओं को उद्यमिता को करियर के रूप में अपनाने के फायदों के बारे में जागरुक बनाया जा रहा है, साथ ही उद्यमी बनने में आने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक बाधाओं से निपटने पर भी जानकारी दी जा रही है। ऐसे ही 97वें प्रोग्राम का आयोजन आईआईसी दिल्ली में किया गया, जहां मिस रेखा शर्मा मुख्य अतिथि थीं। डॉ सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई; श्री सुभ्रांसु आचार्या, चीफ़ जनरल मैनेजर, सिडबी और मिस मीनाक्षी नेगी, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग भी इस अवसर पर मौजूद रहे। ईएपी का उद्देश्य महिलाओं को उद्यमिता को करियर के रूप में अपनाने के फायदे समझाना, तथा उद्यमिता में आने वाली सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक बाधाओं से निपटने में सक्षम बनाना, उन्हें उद्यमिता के लिए ज़रूरी कौशल सिखाना था। दिल्ली ईएपी का उद्देश्य महिलाओं में ओद्यौगिक कौशल विकसित करना था ताकि वे अपना व्यवसाय करने के लिए ज़रूरी ज्ञान, कौशल एवं प्रेरणा पा सकें। उद्घाटन के बाद सत्रों एवं पैनल चर्चाओं का आयोजन किया गया।